Australian Government

तथ्य पत्रक

# मेरे घर के पास छोटे सेल्स स्थापित किए जा रहे हैं। मुझे क्या पता होना चाहिए?

छोटे सेल्स छोटे आकार के दूरसंचार उपकरण होते हैं, जिन्हें स्थानीय कवरेज में सुधार लाने, और अधिक क्षमता जोड़ने तथा हमारे समुदायों में नई या संवृद्ध मोबाइल सेवाओं को समर्थित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। अधिकाँश मामलों में छोटे सेल्स निम्न-शक्ति के रेडियो ट्रांसमीटरों का उपयोग करके रेडियोफ्रीक्वेंसी विद्युतचुम्बकीय ऊर्जा (आरएफ ईएमई) - (radiofrequency electromagnetic energy - RF EME) का उत्सर्जन करते हैं, जो ऑस्ट्रेलियावासियों के लिए दिन-प्रतिदिन रहने, कार्य करने और अध्ययन करने के लिए सरकार द्वारा पहचाने गए सुरक्षित स्तरों से निचले स्तरों पर होती है। हो सकता है कि आपने स्ट्रीट लाइटों, बिजली के खंभों या बस स्टेशनों में जुड़नारों (फिक्सचरों) पर लगाए गए छोटे सेल्स देखे भी हों।



### मुझे छोटे सेल्स के बारे में इतना कुछ क्यों सुनाई दे रहा है?

इसके कारण का एक हिस्सा 5G है। यह मोबाइल फोन नेटवर्क प्रौद्योगिकी की नवीनतम पीढ़ी है और दूरसंचार कंपनियाँ नए छोटे सेल बुनियादी ढाँचे को रोल आउट कर रही हैं। इससे सेवार्थी अपने लिए नई प्रौद्योगिकी के लाभों का अनुभव स्वयं कर पाएँगे, जैसे तेजगति डाउनलोड, ऊँची डेटा सीमाएँ, और सामग्री लोड करने में होने वाली देरी में गिरावट। व्यापक लाभों का अर्थ है कि नई तकनीक का उपयोग ऐसे नए अनुप्रयोगों के लिए किया जा सकता है, जिनके लिए काफी अधिक मात्रा में डेटा की आवश्यकता होती है, जैसे घर से काम करना, या दूरस्थ स्वास्थ्य सेवाएँ।

### तो, क्या छोटे सेल्स नई चीज़ हैं?

छोटे सेल्स कोई नई चीज़ नहीं हैं। ये एक दशक से भी अधिक समय से दूरसंचार के बुनियादी ढाँचे का एक अनिवार्य हिस्सा रहे हैं तथा ये कवरेज में सुधार लाने, और अधिक क्षमता जोड़ने व स्थानीयकृत क्षेत्रों में 5G जैसी नई या संवृद्ध सेवाओं और अनुभवों का समर्थन करने के लिए अधिक बड़े मैक्रो मोबाइल फोन नेटवर्क का संपूरण करते हैं।

### इन छोटे सेल्स को कौन स्थापित करता है?

सरकार ने टेलस्ट्रा, ऑप्टस और वोडाफोन/टीपीजी जैसी दूरसंचार कंपनियों को गैर-सरकारी या सरकारी भूमि और अवसंरचना पर कम प्रभाव डालने वाली सुविधाओं के रूप में दूरसंचार अवसंरचना, जैसे छोटे सेल्स को स्थापित करने की अनुमति देने वाले कानून लागू किए हैं और दूरसंचार कंपनियाँ इन स्थापना कार्यों को किस तरह से करती हैं, इसके बारे में नियम निर्धारित किए हैं। मोबाइल फोन बेस स्टेशन परिनियोजन हेतु उद्योग कोड (Industry Code for Mobile Phone Base Station Deployment) के तहत दूरसंचार कंपनियों के लिए भूस्वामियों और कब्जाधारियों को उनकी भूमि पर या बुनियादी ढाँचे पर प्रस्तावित स्थापनाओं के बारे में सूचना देना और आस-पास के तात्कालिक क्षेत्र में समुदाय को सूचित करना अनिवार्य है।

### और इन्हें विनियमित करने के लिए कौन जिम्मेदार है?

ऑस्ट्रेलियाई संचार एवं मीडिया प्राधिकरण (एसीएमए) [Australian Communications and Media Authority (ACMA)] यह सुनिश्चित करने के लिए जाँच कर सकता है कि दूरसंचार कंपनियाँ उद्योग कोड में निर्धारित अधिसूचना आवश्यकताओं का पालन करती हैं तथा एसीएमए छोटे सेल्स, या अन्य दूरसंचार सुविधाओं से उत्सर्जित आरएफ ईएमई स्तरों की इस बात के लिए भी जाँच कर सकता है कि इनके स्तर ऑस्ट्रेलियाई विकिरण संरक्षण एवं परमाणु सुरक्षा एजेंसी [Australian Radiation Protection and Nuclear Safety Agency (ARPANSA)] द्वारा निर्धारित प्रासंगिक रेडियोफ्रीक्वेंसी मानक में पहचाने गए सुरक्षित खतरे के अधिकतम स्तर से नीचे हैं।

### लेकिन क्या ये सुरक्षित हैं?

छोटे सेल्स अन्य सभी मोबाइल फोन बेस स्टेशनों, उपकरणों और अन्य दूरसंचार उपकरणों में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के समान विनियमों के अधीन हैं। जब छोटे सेल्स ARPANSA के रेडियोफ्रीक्वेंसी मानक में निर्धारित स्तरों के अनुसार काम करते हैं, तो ये तथा दूरसंचार के अन्य बुनियादी ढाँचे सुरक्षित होते हैं।

वेबसाइट **eme.gov.au** पर सुरक्षित कनेक्शन के विज्ञान के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करें।

THE SCIENCE OF SAFE CONNECTION